तापमान
अधिकतम 30.4 डिग्री
न्यूनतम 14.1 डिग्री

हरिभूमि
# रोहतक भूमि
रोहतक, गुरुवार 9 अप्रैल 2026

**शहर में आज**
- आंबेडकर चौक पर रक्तदार शिविर सुबह 10 बजे
- आयुक्त की निगम अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक सुबह 11 बजे
- रोडवेज कर्मचारियों की चक्का जाम को लेकर वार्ता सुबह 11 बजे

**तिलियार जू में शेरनी ने दिया शावक को जन्म**

# जिस जू में मर गए दो शावक, अब वहां के अस्पताल में भर्ती है शेरनी का नवजात, 24 घंटे निगरानी की होती है जरूरत

**अस्पताल में डॉक्टर नहीं मिला**

*मां का दूध न पी पाने पर अस्पताल में रखा देखभाल पर सवाल*

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

तिलियार जू में एक शेरनी ने हाल ही में शावक को जन्म दिया है, जिससे जू प्रशासन में उत्साह का माहौल है। हालांकि जन्म के बाद शावक मां का दूध नहीं पी पा रहा, जिसके चलते उसे निगरानी के लिए अस्पताल में रखा गया है। चिकित्सकों की देखरेख में शावक को फिलहाल बाहरी दूध दिया जा रहा है। अब सिर्फ उसकी देखभाल पर सवाल है। विशेषज्ञों के अनुसार शुरुआती दिनों में मां का दूध बेहद जरूरी होता है, इसलिए शावक को मां के पास लाने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। जू प्रशासन का कहना है कि शावक की स्थिति पर लगातार नजर रखी जा रही है। चिकित्सकों का कहना है कि जन्म के बाद मां का पहला दूध (कोलोस्ट्रम) शावक की रोग प्रतिरोधक क्षमता को मजबूत बनाता है, इसलिए उसे जल्द से जल्द मां के संपर्क में लाने के प्रयास किए जा रहे हैं जू प्रशासन का कहना है कि शावक की स्थिति स्थिर है और उसे सुरक्षित रखने के लिए हर जरूरी कदम उठाए जा रहे हैं। जैसे ही शावक सामान्य स्थिति में आएगा, उसे मां के पास छोड़ने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी।




## चिकित्सा सुविधाएं व संसाधनों की कमी

हालांकि अब सामने आ रही जानकारी इन दावों की पोल खोल रही है। जू के एक कर्मचारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि जिन सात शावकों का नामकरण हुआ था, उनमें से दो की मौत हो चुकी है। कर्मचारी के अनुसार यह मौतें प्राकृतिक कारणों से कम और अव्यवस्थाओं के चलते ज्यादा हुई हैं। कर्मचारी ने यह भी संकेत दिया कि जू में देखरेख और प्रबंधन की स्थिति संतोषजनक नहीं है। समय पर उचित देखभाल, चिकित्सा सुविधाएं और आवश्यक संसाधनों की कमी के कारण जानवरों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। यही कारण है कि नवजात शावकों की सुरक्षा और स्वास्थ्य भी खतरे में पड़ गया है।

## शेरनी उदासी में दिन गुजार रही

जू में शेरनी अपने नवजात शावक से दूर उदासी में दिन गुजार रही है। शेरनी कई बार उस स्थान के आसपास बैठी देखी जाती है, जहां से शावक को उपचार के लिए अलग किया गया है। वह बार-बार इधर-उधर देखती है, मानो अपने बच्चे का इंतजार कर रही हो। कर्मचारियों का कहना है कि शेरनी का व्यवहार पहले से शांत और उदास हो गया है। वह कम सक्रिय रहती है और भोजन में भी रुचि घट गई है।

## 24 घंटे देखभाल की जरूरत

जब शावक शेरनी का दूध नहीं पी सकता हो या शेरनी शावक को दूध नहीं पिला पा रही हो तो यह स्थिति गंभीर होती है। शेर के शावक बेहद नाजुक होते हैं और मां के दूध के बिना जीवित रहने के लिए उन्हें विशेष, 24 घंटे देखभाल की जरूरत होती है। लेकिन, तिलियार में इस शावक को अस्पताल में तो रखा गया है, लेकिन यह गहन निगरानी में नहीं है। अस्पताल के चिकित्सक खुद ही अस्पताल में नहीं मिले।

### शावक को गर्म रखें

शावक ठंडा भोजन पचा नहीं सकता। उसे गर्म और हवा के झोंकों से सुरक्षित जगह पर रखें और गरम भोजन दें।

### भोजन-देखभाल व प्रोटोकॉल

**दूध:** उच्च गुणवत्ता वाला किटन मिल्क रिप्लेसमेंट या विशेष फेलाइन फॉर्मूला उपयोग करना होता है। कभी-कभी फुल-फैट दूध, अंडे, सूरजमुखी तेल और कैल्शियम का मिश्रण भी इस्तेमाल किया जाता है ताकि शेरनी के दूध जैसा उच्च वसा स्तर मिल सके।

### नवजात को कैसे दें दूध

नवजात शावकों को हर 2 घंटे में दूध देना पड़ता है और जैसे-जैसे वे बड़े होते हैं, यह अंतराल 4 घंटे तक किया जा सकता है। नरम निप्पल वाली बेबी बोतल का उपयोग करें और सुनिश्चित करें कि दूध सही तरीके से बह रहा हो ताकि सांस में जाने का खतरा न हो। दूध पिलाने के बाद, गीले और गुनगुने कपड़े से शावक के पेट और जननांग क्षेत्र को हल्के से रगड़ें, ताकि पेशाब और मल त्याग हो सके। जैसा कि सामान्यतः मां करती है। लगभग 6 सप्ताह से 3 महीने के बीच, कटा हुआ चिकन या मीट देना शुरू करें और धीरे-धीरे दूध कम करें।

### सावधानी

गाय का दूध न दें। इसमें आवश्यक वसा और प्रोटीन नहीं होता। संक्रमण पर नजर रखें। मां के दूध में मौजूद एंटीबॉडी न मिलने के कारण शावक बीमारियों के प्रति बहुत संवेदनशील होता है। और धीरे-धीरे दूध कम करें।

### शावक मेल है या फिमेल अभी पता नहीं लग सकता

शावक के बारे में कभी भी यह जानकारी नहीं लग सकती की अभी वह मेल है या फिमेल है। इसकी जानकारी लगभग सात से आठ माह बाद लगती है। तुरंत होने के बाद इस तरह की बातों का पता नहीं लगाया जा सकता है। उदाहरण के तौर पर बात करें तो भिवानी में आठ माह बाद शावक का यह पता लगा था कि यह मेल है या फिमेल।

-राजेश कुमार, इंस्पेक्टर, तिलियार जू

# एसपी का रीडर बता पुलिस वाले ने ड्राइवर और कंडक्टर को धुना

*सुबह 10 बजे से शाम तक नहीं चलीं बसें*

## रोहतक बस स्टैंड पर रोडवेज कर्मियों का चक्का जाम, यात्री हलकान

**180 बसों के थमे रहे पहिए दिन भर भटकते रहे यात्री | विवाद बढ़ा तो परिचालक चालक को किया गिरफ्तार | दो दिन में डीएसपी और एसडीएम करेंगे समाधान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

रोहतक शहर के बस स्टैंड पर बुधवार को रोडवेज कर्मचारियों ने जोरदार विरोध प्रदर्शन करते हुए चक्का जाम कर दिया। कर्मचारियों ने बस स्टैंड के दोनों मुख्य द्वार बंद कर दिए और सुबह करीब साढ़े 9 बजे से शाम 5 बजे तक बसों का संचालन पूरी तरह ठप रखा। इस दौरान न केवल डिपो से बसें बाहर नहीं निकलने दी गईं, बल्कि बाहर से आने वाली बसों को भी रोक दिया गया, जिससे यातायात व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हुई। यह विवाद मंगलवार दोपहर करीब साढ़े 3 बजे शुरू हुआ था, जब दिल्ली डिपो की एक बस रोहतक बस स्टैंड के बाहर पहुंची। इसी दौरान साइड देने को लेकर बस चालक यशपाल और एक व्यक्ति के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि सतीश रामकली नामक व्यक्ति, जो खुद को एसपी का रीडर बता रहा था, बस में चढ़ गया और चालक के साथ मारपीट की। इसके बाद चालक के खिलाफ पुलिस में शिकायत भी दर्ज करवा दी। पुलिस ने मामले में बस चालक यशपाल और परिचालक के खिलाफ गैर-जमानती धाराओं में केस दर्ज कर लिया, लेकिन दूसरे पक्ष पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। इसी एकतरफा कार्रवाई से नाराज रोडवेज कर्मचारियों में रोष फैल गया और उन्होंने विरोध प्रदर्शन का रास्ता अपनाया।


रोहतक। मारपीट का विरोध करते रोडवेज कर्मचारी।


रोहतक। बसे नहीं चलने से परेशान यात्री सामान लेकर जाते। फोटो : हरिभूमि

### निष्पक्ष जांच पर दोनों पक्षों में बनी सहमति

मामले की गंभीरता को देखते हुए प्रशासन हरकत में आया। प्रदर्शन स्थल पर डीएसपी रवि खुडिया और एसडीएम आशीष वशिष्ठ पहुंचे और कर्मचारियों से बातचीत की। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि दोनों पक्षों के बीच निष्पक्ष जांच कराई जाएगी और दो दिन के भीतर राजीनामा करवाने का प्रयास किया जाएगा। इस बीच पुलिस ने चालक और परिचालक को रिहा कर दिया, जिससे कर्मचारियों का गुस्सा कुछ हद तक शांत हुआ। हालांकि दिनभर चले इस चक्का जाम ने शहर की यातायात व्यवस्था को पूरी तरह प्रभावित कर दिया और यात्रियों को भारी असुविधा का सामना करना पड़ा। शाम को रोडवेज कर्मचारी काम पर लौट आए और बसों को चलाकर ड्यूटी की।

### प्राइवेट वाहन चालकों की चांदी

इस प्रदर्शन के चलते सबसे ज्यादा परेशानी यात्रियों को झेलनी पड़ी। घंटों तक बसों का इंतजार करने के बावजूद उन्हें कोई सुविधा नहीं मिल सकी। कई यात्री अपने गंतव्य तक पहुंचने के लिए निजी वाहनों या अन्य साधनों का सहारा लेने को मजबूर हुए, जिससे उनका समय और पैसा दोनों बर्बाद हुआ। वहीं जिन यात्रियों के पास ज्यादा सामान था वह अपने सामान को बस स्टैंड से बाहर निकालते हुए दिखाई दिए। इधर उधर भटकने के बाद भी उन्हें समाधान नहीं मिला।

### डिपो के बाहर डटे रहे कर्मी

दरअसल हुआ यूं कि जिस समय रोडवेज डिपो के दरवाजे बंद किए गए, उसी समय बाहर की तरफ से कुछ बसें अंदर की तरफ आ रही थी। लेकिन उनको भी बाहर सड़क पर ही खड़ा रहना पड़ा। अंदर प्रवेश न होने के कारण सड़क पर जाम लग गया और दो घंटे बाद व्यवस्था को संभाला गया। ऐसे में वाहन चालकों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ा।

### घटना को लेकर यूनियन के नेताओं में भारी रोष

वहीं, यूनियन के नेता अमित महराना का कहना है कि सोमवार दोपहर करीब साढ़े 3 बजे दिल्ली बस डिपो की एक बस रोहतक बस स्टैंड के बाहर पहुंची थी। इसी दौरान साइड को लेकर बस चालक यशपाल और एक व्यक्ति के बीच कहासुनी हो गई। आरोप है कि सतीश रामकली नामक व्यक्ति, जो खुद को एसपी का रीडर बता रहा था, बस में चढ़ गया और चालक के साथ मारपीट की। इसके बाद उसी ने चालक के खिलाफ शिकायत भी दर्ज करवा दी। वहीं, उन कर्मचारियों को पुलिस कोर्ट में भी पेश करने लेकर जा रही थी। घटना को लेकर यूनियन के नेताओं में भारी रोष व्याप्त है।

# 1900 टपेंटाडोल की गोलियों सहित एक तस्कर गिरफ्तार



- चार खंभा चौक पर छापेमारी में औषधि विभाग और पुलिस की संयुक्त कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई में औषधि नियंत्रण विभाग और पुलिस ने एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। चार खंभा चौक के पास छापेमारी के दौरान फरमाणा खास निवासी कुलबीर सिंह को 1900 टपेंटाडोल गोलियों के साथ पकड़ा गया। आरोपी के पास दवाइयों से संबंधित कोई वैध दस्तावेज नहीं मिले। उसके खिलाफ ड्रग एंड कॉस्मेटिक एक्ट के तहत मामला दर्ज कर रिमांड पर लिया गया है। पुलिस अब नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की जांच में जुटी है।

## एमडीयू ने दिसंबर 2025 परीक्षाओं के परिणाम घोषित किए

**रोहतक।** महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) ने दिसंबर 2025 में आयोजित विभिन्न पाठ्यक्रमों की परीक्षाओं के परिणाम घोषित कर दिए हैं। एमए (इकोनॉमिक्स ऑनर्स 5 वर्षीय) के तीसरे, पांचवें और छठे सेमेस्टर (री-अपीयर) शामिल हैं। इसके साथ ही बीए (जर्नलिज्म एंड मास कम्युनिकेशन) और बैचलर ऑफ टूरिज्म एंड ट्रैवल मैनेजमेंट (एनईपी) के प्रथम सेमेस्टर (रेगुलर व री-अपीयर) के परिणाम भी घोषित किए गए हैं। इसके अलावा एमए (इंग्लिश) 5 वर्षीय इंटीग्रेटेड कोर्स के पांचवें और छठे सेमेस्टर (री-अपीयर) तथा नौवें सेमेस्टर (फुल व री-अपीयर) शामिल हैं। इसके अलावा बीटेक प्रथम सेमेस्टर (फुल), बीसीए (4 वर्षीय) एनईपी के प्रथम, तृतीय और पांचवें सेमेस्टर तथा बीएससी 4 वर्षीय एनईपी के प्रथम व तृतीय सेमेस्टर के परिणाम भी जारी किए गए हैं।

## नेशनल हाइवे 9 पर हादसे में पुलिस के जवान की मौत

**सांपला।** नेशनल हाइवे नंबर 9 गांधरा मोड़ के पास सड़क हादसे में एक पुलिस के जवान की मौत हो गई। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करा परिजनों के हवाले कर दिया। जानकारी के मुताबिक, नया बास गांव निवासी सचिन बुधवार की दोपहर को अपनी कार से घर लौट रहा था। गाधरा मोड़ के पास गेहूं की ट्राली से कार टकरा गई। जिसमें सचिन की मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए पीजीआई रोहतक भेज दिया। परिवार के लोगों ने बताया कि सचिन दिल्ली पुलिस में सिपाही था। बताया गया सचिन शादीशुदा था। अभी कोई बच्चा नहीं हुआ था।

INDUS Public School
Affiliated to CBSE New Delhi
Schooling भी, Coaching भी - अब एक ही छत के नीचे !
लाखों रुपये का खर्च बचाइए,
स्कूल फीस में ही Coaching पाइए!
IIT, NEET, और CUET जैसी प्रतियोगी परीक्षाओं की बेहतरीन तैयारी
- अब कोटा जाने की जरूरत नहीं!



- Expert Faculty for JEE/NEET
- Integrated Coaching Program (School + Coaching)
- Smart Digital Classrooms
- Regular Tests & Performance Analysis
- Fully Air-Conditioned Classrooms

Admissions Open 2026-27
9992900573
9992900574
Call Now & Secure Your Future!
Indus Public School में: शिक्षा भी • मार्गदर्शन भी • सफलता भी
Indus Public School Rohtak: भविष्य की सही शुरुआत!
Senior wing - Delhi Road, Rohtak, Haryana
Junior wing - 96-A Model Town (Subhash Nagar, Rohtak)

## ब्लड जांच के लिए काउंटर बढ़ाए गए, अब समय पर मिलेगी जांच रिपोर्ट

# पीजीआई में मंत्री राव के निरीक्षण के बाद कई कर्मियों पर गाज, बदलेगा ओपीडी का समय

- पीजीआई में सुविधाएं बढ़ाने के लिए अफसरों को दिए निर्देश मरीजों को मिल सकती है राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के पीजीआईएमएस में औचक निरीक्षण के बाद कई कर्मचारियों पर गाज गिरी है। उन कर्मचारियों, अधिकारियों की लिस्ट तैयार की गई है, जिनकी ओपीडी में ड्यूटी थी और वे सफाई व्यवस्था, ओपीडी में रजिस्ट्रेशन, ब्लड टेस्ट सही तरीके से न होने सहित अन्य अनियमितताओं के लिए जिम्मेदार हैं। इनमें साफ सफाई से सम्बंधित कर्मचारी भी शामिल हैं।



कार्रवाई की रिपोर्ट स्वास्थ्य मंत्री को भी भेजी जाएगी। वहीं, उच्च अधिकारियों की सख्ती के बाद सम्बंधित कर्मचारियों में हड़कम्प मचा हुआ है। इसके साथ ही संस्थान में मंत्री के आदेशों पर व्यवस्थाओं में सुधार भी किया है। दरअसल, पीजीआईएमएस में स्वास्थ्य सेवाओं को लेकर एक बार फिर सख्ती के संकेत मिल रहे हैं।

### आखिर नाराजगी किस पर निकाली जाए

स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के निरीक्षण के बाद अब यह सवाल उठने लगा है कि आखिर उनकी नाराजगी की किस पर निकाली जाए। मंत्री ने अस्पताल का दौरा किया था, जहां उन्होंने शौचालयों में साफ-सफाई व्यवस्था पर गहरी नाराजगी जाहिर की थी। निरीक्षण के दौरान कई खामियां सामने आईं, जिनमें प्रमुख रूप से ओपीडी समय का पालन न होना, मरीजों को समय पर सुविधाएं न मिलना और जांच प्रक्रियाओं में देरी शामिल हैं। मंत्री ने स्पष्ट निर्देश दिए थे कि ओपीडी में आने वाले मरीजों के कार्ड बनाने का समय दो बजे बाद तक बढ़ाया जाए।

### साफ-सफाई के लिए सख्त दिशा निर्देश

सभी आदेशों के पालन की जिम्मेदारी अस्पताल के मेडिकल सुपरिटेंडेंट डॉ कुंदन मित्तल को सौंपी गई थी। ब्लड जांच केंद्र में काउंटर बढ़ाए हैं। मरीजों के कार्ड बनाने के लिए समय बढ़ाया जा रहा है। शौचालयों और परिसर की साफ सफाई के लिए सम्बंधित अधिकारियों को सख्त दिशा निर्देश दिए गए हैं। इसके अलावा सिटी स्कैन सहित अन्य जांच रिपोर्ट को एक दिन में ही मुहैया करवाने की व्यवस्था की जा रही है। गौरतलब है कि पीजीआईएमएस रोहतक में प्रतिदिन लगभग आठ से दस हजार मरीज इलाज के लिए पहुंचते हैं।

### खामियां मिलने पर की गई कार्रवाई

स्वास्थ्य मंत्री ने जो भी आदेश जारी किए थे, उनकी पालना कर दी गई है। जहां खामिया पाई गई थी, सम्बंधित कर्मचारियों पर कार्रवाई की गई है। इसके अलावा उन्होंने जो भी नई व्यवस्था करने के लिए कहा गया था, उसे पूरा किया जा रहा है। ब्लड जांच के लिए काउंटर बढ़ाए गए हैं। इसके अलावा साफ सफाई बढ़ाने, समय पर जांच रिपोर्ट देने के लिए कहा गया है।

-डॉ कुंदन मित्तल, एमएस, पीजीआईएमएस रोहतक

## नहर के नवीकरण पर करीब 25 से 30 करोड़ होंगे खर्च, मिलेगी राहत

# भालौठ सब ब्रांच होगी पक्की, सीपेज रुकेगी, खेतों को मिलेगा पूरा पानी

1. कंक्रीट की मजबूत परत, किसानों के लिए साबित हो सकती है वरदान
2. दो-तीन साल पहले विभाग ने जवाहर लाल फीडर के बेड को सीमेंट कंकरीट से बनाया था
3. नहर के साथ लगती जमीन में लगातार बढ़ रहा पानी का स्तर, किसानों को हो रही परेशानी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सिंचाई विभाग ने भालौठ सब ब्रांच नहर को दोबारा पक्का (लाइनिंग) करने की तैयारी शुरू कर दी है। वर्षों से जर्जर हालत में बह रही यह नहर अब कंक्रीट की मजबूत परत ओढ़ेगी, जिससे सिंचाई व्यवस्था में बड़ा सुधार आने की उम्मीद है। करीब 25 से 30 करोड़ रुपये की इस योजना का मुख्य उद्देश्य नहर में हो रहे सीपेज (रिसाव) को रोकना है। नहर के तल को सीमेंट कंकरीट से इतना मजबूत किया जाएगा कि इसमें पानी की एक भी बूंद जमीन में नहीं पहुंच पाएगी। ध्यान रहे कि दो तीन साल पहले विभाग ने भालौठ सब ब्रांच के साथ बह रही जवाहरलाल नेहरू फीडर के बेड को भी सीमेंट कंकरीट का बनाया था।


रोहतक। भालौठ सब ब्रांच नहर।

**लंबे समय से सीपेज बनी किसानों की समस्या**

दरअसल, नहर का पानी धीरे-धीरे जमीन में समा जाना सीपेज (रिसाव) कहलाता है। यही समस्या लंबे समय से किसानों के लिए मुसीबत बनी हुई है। जिसकी वजह से नहर के साथ लगती जमीन में पानी का लेवल साल दर साल बढ़ रहा है। सीपेज होने की वजह से किसानों को दिक्कते होती हैं। क्योंकि सीपेज वाली जमीन में खेती कम होती है। अब नहर की पक्की लाइनिंग होने से सीपेज (रिसाव) पर प्रभावी रोक लगेगी और पानी का प्रवाह सुचारू होगा। इससे नहर के अंतिम हिस्सों तक भी समान रूप से पानी पहुंच सकेगा। किसानों को समय पर सिंचाई का लाभ मिलेगा और फसल उत्पादन में वृद्धि की उम्मीद है।

### 12 से 18 माह में पूरा करने का रखा लक्ष्य

विभाग के अनुसार इस परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर 12 से 18 महीनों में पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। आधुनिक तकनीक का उपयोग कर नहर को टिकाऊ बनाया जाएगा, ताकि भविष्य में रखरखाव की समस्या भी कम हो। भालौठ सब ब्रांच नहर रोहतक, सोनीपत और आसपास के क्षेत्रों के लिए जीवनरेखा मानी जाती है। इसके पक्के होने से न केवल पानी की बर्बादी रुकेगी, बल्कि भूजल पर निर्भरता भी घटेगी और बिजली खर्च में राहत मिलेगी। किसानों ने मांग की है कि कार्य गुणवत्ता के साथ तय समय में पूरा हो। यह परियोजना केवल नहर की मरम्मत नहीं, बल्कि खेती की धड़कन को फिर से मजबूत करने की दिशा में बड़ा कदम है।

## मंडियों में फसल खरीद की नई व्यवस्थाओं के विरोध में किसान 11 को करेंगे रोड जाम



रोहतक। अखिल भारतीय किसान सभा के सदस्य। फोटो: हरिभूमि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

मंडियों में गेहूं खरीद को लेकर लागू नई शर्तों के विरोध में किसान संगठनों ने आंदोलन का ऐलान कर दिया है। संयुक्त किसान मोर्चा के बैनर तले बुधवार को रोहतक में हुई बैठक के बाद किसान नेता सुमित दलाल ने कहा कि सरकार की नीतियां किसानों के हितों के खिलाफ हैं और उन्हें अनावश्यक कागजी प्रक्रियाओं में उलझाया जा रहा है। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि 10 अप्रैल तक ये शर्तें वापस नहीं ली गईं, तो 11 अप्रैल को जिले सहित पूरे प्रदेश में सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया जाएगा।

किसान सुमित दलाल ने कहा कि रोहतक में यह प्रदर्शन मकड़ौली टोल पर सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक किया जाएगा। इस दौरान बड़ी संख्या में किसान सरकार के खिलाफ विरोध दर्ज कराएंगे। दलाल ने कहा कि यदि सरकार ने समय रहते फैसला नहीं बदला, तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। बैठक में अखिल भारतीय किसान सभा, भारतीय किसान यूनियन, किसान प्रतिष्ठा मंच सहित कई संगठनों ने भाग लिया। इस मौके पर जिला प्रधान सुनील मलिक, रणधीर धामड़,प्रीत सिंह,बलबीर बल्हारा,सुशीला ,सुमित दलाल,अशोक राठी मौजूद रहे।

**मौसम व सरकार से परेशान किसान : दलाल**

मानसरोवर पार्क में आयोजित बैठक के बाद सुमित दलाल ने कहा कि एक तरफ किसान पहले ही मौसम की मार झेल रहा है, वहीं दूसरी ओर सरकार नई शर्तों के जरिए उसे और परेशान कर रही है। उन्होंने आरोप लगाया कि पारदर्शिता के नाम पर किसानों को लूटा जा रहा है, जबकि धान घोटालों में शामिल अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं की जा रही। इससे साफ है कि सरकार की मंशा किसानों को राहत देने की नहीं, बल्कि उन्हें दबाने की है। उन्होंने बताया कि संयुक्त किसान मोर्चा हरियाणा के आह्वान पर 11 अप्रैल को सभी जिलों में चार घंटे के लिए सड़कें जाम की जाएंगी।

# 135 बच्चे कुपोषण से मुक्त हुए



रोहतक। कैंप कार्यालय में आयोजित मासिक समीक्षा बैठक लेते उपायुक्त सचिन गुप्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

उपायुक्त सचिन गुप्ता ने कहा कि महिला एवं बाल विकास विभाग जिले में महिलाओं और बच्चों के पोषण सुधार की दिशा में प्रभावी काम कर रहा है। स्थानीय कैंप कार्यालय में आयोजित मासिक समीक्षा बैठक में उन्होंने बताया कि अक्तूबर 2025 में चिन्हित 166 अति कुपोषित बच्चों में से 135 को कुपोषण से बाहर निकाल लिया गया है। वहीं, 975 आंशिक कुपोषित बच्चों में से 583 के स्वास्थ्य में भी सुधार दर्ज किया गया है। मार्च माह में 31 अतिकुपोषित और 392 आंशिक कुपोषित बच्चों की पहचान की गई है। डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि चिन्हित बच्चों के पोषण स्तर में सुधार के लिए हरसंभव कदम उठाए जाएं । जिले में संचालित 1004 आंगनवाड़ी केंद्रों की भी समीक्षा की गई। उन्होंने पेयजल और शौचालय जैसी सुविधाओं को पूरा करने पर जोर दिया। इस अवसर पर विभाग की जिला कार्यक्रम अधिकारी दीपिका सैनी, जिला बाल संरक्षण अधिकारी कुलदीप सिंह, जिला संरक्षण अधिकारी करमिन्द्र कौर, सीडीपीओ मंजू यादव, राजकला, रिंकू कुमारी, संतोष, पूनम आदि मौजूद रही।

### 'पीएम स्वनिधि से समृद्धि' के तहत लगाया लोन कैंप


रोहतक । नगर निगम द्वारा पंजाब नेशनल बैंक झज्जर रोड़ शाखा एवं स्टेट बैंक आफ इंडिया की सर्कुलर रोड शाखा में प्रधानमंत्री स्वनिधि से समृद्धि योजना के अंतर्गत विशेष लोन कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप का मुख्य उद्देश्य शहर के रेहड़ी/फड़ी एवं छोटे स्वरोजगार से जुड़े विक्रेताओं को आर्थिक रूप से सशक्त बनाना था। कैंप के दौरान कुल 60 रेहड़ी फड़ी विक्रेताओं को नियमानुसार 15000 से 50000 तक के ऋण स्वीकृत वितरित किए गए। आयुक्त डॉ आनंद कुमार शर्मा ने बताया कि बैंक अधिकारियों द्वारा लाभार्थियों को योजना की विस्तृत जानकारी देते हुए समय पर ऋण अदायगी, डिजिटल भुगतान को अपनाने तथा भविष्य में अधिक ऋण सीमा प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया गया।




### शिविर में जांचा वरिष्ठ नागरिकों का स्वास्थ्य

रोहतक। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने आयुष विभाग को निर्देश दिए हैं कि योग शिविरों में भाग लेने वाले वरिष्ठ नागरिकों की मौके पर ही ब्लड प्रेशर, ब्लड शुगर और जोड़ों से संबंधित बीमारियों की जांच लगातार की जाए। कैंप कार्यालय में आयोजित समीक्षा बैठक में उन्होंने बताया कि 18 योग सहायकों के माध्यम से विभिन्न गांवों में यह जांच कार्य जारी है। उन्होंने जानकारी दी कि गत माह में विभाग द्वारा 29,806 ओपीडी में मरीजों की जांच की गई, जबकि 73 स्वास्थ्य शिविर आयोजित किए गए। इनमें 8 शिविर स्कूलों, 14 आंगनवाड़ी केंद्रों और 51 डिस्पेंसरी में लगे। इस दौरान 1,134 लोगों का रक्तचाप, 1,032 की शुगर और 1,651 मरीजों के जोड़ों के दर्द की जांच कर आवश्यक दवाएं भी वितरित की गईं।

## सांपला अनाज मंडी में पहली बार पहुंचा बारदाना, 5565 क्विंटल गेहूं की खरीद

**बारिश के असर से आवक और खरीद घटीं, आढ़तियों में नाराजगी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सांपला

अनाज मंडी में इस सीजन पहली बार बारदाना पहुंचने से आढ़तियों को कुछ राहत मिली है। अधिकृत एजेंसियों हैफेड और वेयरहाउस ने सुबह ही आढ़तियों को बारदाना उपलब्ध करा दिया। हालांकि, बीते दिन हुई बारिश का असर आज मंडी की गतिविधियों पर स्पष्ट रूप से देखने को मिला। समाचार लिखे जाने तक मंडी में गेहूं की आवक केवल 14 हजार क्विंटल रही, जो पिछले दिनों की तुलना में काफी कम है। साथ ही 204 गेट पास जारी किए गए। अब तक मंडी में कुल 1 लाख 60 हजार क्विंटल गेहूं की आवक हो चुकी है और 2830 गेट पास जारी किए जा चुके हैं।

आज हैफेड ने 5565 क्विंटल गेहूं की खरीद की, लेकिन खरीद की धीमी गति को लेकर आढ़ती असंतुष्ट नजर आए। उनका कहना है कि कुल आवक के मुकाबले अब तक सिर्फ 13,230 क्विंटल गेहूं की ही सरकारी खरीद हो पाई है, जो कुल आवक का दसवां हिस्सा भी नहीं बनता। उन्होंने खरीद प्रक्रिया को तेज करने की मांग उठाई है।

दूसरी ओर, रोहतक के उपायुक्त का आज मंडी दौरा प्रस्तावित था, लेकिन किन्हीं कारणों से उनका दौरा नहीं हो सका। आढ़तियों का कहना है कि उपायुक्त के मंडी आगमन पर सरकारी खरीद में तेजी लाने का मुद्दा प्रमुखता से रखा जाएगा।


सांपला। सांपला अनाज मंडी में सरकारी खरीद के बाद गेहूं की भराई करते मजदूर।

**नमी के चलते खरीद सुस्त**

सांपला मार्केट कमेटी की सचिव सविता सैनी ने बताया कि लगातार हुई बारिश के कारण खेतों में कटाई कार्य प्रभावित हुआ, जिससे आज मंडी में आवक कम रही। इसके अलावा, बारिश के चलते गेहूं में नमी की मात्रा बढ़ गई, जिससे खरीद प्रक्रिया भी धीमी पड़ी है। उन्होंने कहा कि सरकार की ओर से खरीद के सभी इंतजाम पूरे हैं और जैसे ही गेहूं की नमी कम होगी, खरीद में तेजी आ जाएगी।

## सर्वसम्मति से इनकम टैक्स बार एसोसिएशन के प्रधान बने सुशील


रोहतक। नवनियुक्त प्रधान सीए सुशील जैन का स्वागत करते इनकम टैक्स रोहतक बार एसोसिएशन के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

रोहतक। इनकम टैक्स रोहतक बार एसोसिएशन की बैठक बुधवार को जयभगवान गोयल की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें संगठन से जुड़े कई महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। बैठक के दौरान सर्वसम्मति से सीए सुशील जैन को एसोसिएशन का नया प्रधान चुना गया। बैठक में पूर्व प्रधान द्वारा गत वर्ष का लेखा-जोखा भी प्रस्तुत किया गया, जिस पर सदस्यों ने चर्चा की। नवनियुक्त प्रधान सीए सुशील जैन ने सभी पदाधिकारियों व सदस्यों का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका निर्वहन वे पूरी ईमानदारी और निष्ठा के साथ करेंगे। उन्होंने आश्वासन दिया कि एसोसिएशन की मांगों को प्राथमिकता के आधार पर पूरा करवाने का प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर नरेश चंद गर्ग, विजय मलिक, जयनारायण शर्मा, नीतिन जैन एडवोकेट, सचिन भूटानी, गौरव बुधिराजा, श्वेत तायल, गौरव जुनेजा, विनोद बुद्धिराजा, अरुण जैन सहित रोहतक व बहादुरगढ़ के कई सीए और अधिवक्ता मौजूद रहे।



## केवीएम नर्सिंग कॉलेज में पार्टी छात्रा प्राची बनी मिस फेयरवेल

रोहतक। केवीएम नर्सिंग कॉलेज में विद्यार्थियों ने फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया। पार्टी की शुरुआत डायरेक्टर कर्मवीर मायना, प्रिंसिपल ज्योति शर्मा व अन्य स्टाफ ने दीप प्रज्वलित करके विद्या की देवी मां सरस्वती से आशीर्वाद प्राप्त करके की। बीएससी नर्सिंग सातवें सेमेस्टर के विद्यार्थियों ने अपने सीनियर्स के लिए फेयरवेल पार्टी का आयोजन किया, जिसमें सभी छात्राओं का हुनर देखने को मिला। बीएससी अंतिम वर्ष से मिस फेयरवेल प्राची, अंकिता व योगिता चुने गए, जिनका हौसला बढ़ाने के लिए सभी विद्यार्थियों ने ताली बजाकर खुशी व्यक्त की। इस फेयरवेल पार्टी के दौरान सभी बच्चों ने आनंद उठाया। छात्राओं ने अपनी प्रस्तुतियों से सबका मन मोह लिया। डायरेक्टर कर्मवीर मायना व प्रिंसिपल ज्योति शर्मा ने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य की कामना की व खूबसूरत पार्टी के आयोजन की सराहना की तथा अंतिम वर्ष के बच्चों को भविष्य में आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। पार्टी के दौरान केवीएम नर्सिंग कॉलेज के सभी स्टाफ उपस्थित रहे।

## एचडी पब्लिक स्कूल के विद्यार्थियों ने एनएसओ में जीता गोल्ड मेडल



रोहतक। विद्यार्थियों को सम्मानित करते स्टाफ सदस्य।

रोहतक। एचडी पब्लिक स्कूल अकबरपुर के विद्यार्थियों ने नेशनल साइंस ओलंपियाड (एनएसओ) में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शानदार सफलता प्राप्त की। कक्षा 7 की परीधि एवं यश, कक्षा 8 के हर्ष बलहारा, कक्षा 5 की अंशिका तथा कक्षा 4 के गर्वित मलिक ने प्रतियोगिता में भाग लेकर शानदार उपलब्धि हासिल की। विशेष खुशी की बात यह है कि सभी विद्यार्थियों ने स्वर्ण पदक प्राप्त कर विद्यालय का नाम रोशन किया। इस अवसर पर विद्यालय के निर्देशक सुरेंद्र सिंह फौगाट, अकादमिक निदेशिका कृष्णा फौगाट एवं प्राचार्य दुलाल देब ने सभी विजेता विद्यार्थियों को हार्दिक बधाई दी तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। उन्होंने कहा कि यह उपलब्धि विद्यार्थियों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन और अभिभावकों के सहयोग का परिणाम है। उन्होंने आगे कहा कि विद्यालय सदैव विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए प्रतिबद्ध है और उन्हें हर क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए निरंतर प्रेरित करता रहेगा। विद्यालय परिवार ने सभी विद्यार्थियों की इस शानदार सफलता पर गर्व व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## टावर पर लटका मिला युवक का शव, 1 माह पहले हुई थी शादी

- एजुकेशन सिटी में लैब इंचार्ज था सौरभ
- सुबह ड्यूटी पर निकला था, शाम को शव मिला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सोनीपत

दीपालपुर-पलड़ी कलां रोड पर बुधवार देर शाम उस समय सनसनी फैल गई, जब एक युवक का शव टावर से लटका हुआ मिला। मृतक की पहचान गांव असावरपुर निवासी सौरभ के रूप में हुई है, जिसकी करीब एक माह पहले ही शादी हुई थी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सौरभ राजीव गांधी एजुकेशन सिटी स्थित आईआईआईटी परिसर में लैब इंचार्ज के पद पर कार्यरत था। बुधवार सुबह वह रोजाना की तरह अपने घर से ड्यूटी के लिए निकला था, लेकिन देर शाम तक उसके घर वापस न लौटने पर परिजन चिंतित हो गए। इसी बीच दीपालपुर-पलड़ी कलां रोड पर एक बगीची में लगे टावर पर एक युवक का शव लटका होने की सूचना मिली। राहगीरों ने जब टावर पर शव लटका देखा तो तुरंत आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी और युवक को नीचे उतारा गया। इसके बाद उसे तुरंत बहालगढ़ रोड स्थित एक निजी अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही क्षेत्र में भीड़ जमा हो गई और माहौल गंभीर हो गया। सूचना पाकर बहालगढ़ थाना पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई शुरू कर दी। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर आवश्यक साक्ष्य जुटाए और मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार शव का पोस्टमार्टम वीरवार को कराया जाएगा, जिसके बाद ही मौत के वास्तविक कारणों का स्पष्ट रूप से पता चल सकेगा।

**गैस किल्लत** पहली बार छोटा 5 किलो वाला गैस सिलेंडर लेने पर 1100 रुपये सिक्योरिटी राशि के साथ देने होंगे 1603 रुपये

# सिर्फ 1531 सिलेंडर, लाखों जरूरतमंद, कैसे सभी गरीबों तक पहुंच पाएगा 'छोटू'

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

जिले में रेहड़ी-पटरी संचालकों, प्रवासी मजदूरों और कम आय वालों को राहत देने के लिए लाए गए। इसके लिए 5 किलो का एलपीजी सिलेंडर 603 रुपये में उपलब्ध कराने की पहल को राहत के तौर पर देखा जा रहा है, लेकिन इस मॉडल को लेकर कई सवाल भी खड़े हो रहे हैं। खासतौर पर शुरुआती खर्च, सब्सिडी की अनुपस्थिति और सीमित उपलब्धता को लेकर उपभोक्ता चिंताएं जता रहे हैं। शहर में फिलहाल 1531 छोटे सिलेंडर उपलब्ध हैं, जबकि जरूरतमंदों की संख्या इससे कहीं ज्यादा मानी जा रही है। ऐसे में यह सवाल उठ रहा है कि क्या यह योजना वास्तव में सभी तक पहुंच पाएगी या सीमित दायरे तक ही सिमट कर रह जाएगी। वहीं इसे पहली बार लेने पर 1100 रुपये सिक्योरिटी राशि भी देनी होगी और रेगुलेटर खरीदना भी अनिवार्य है। इसका कम वजन और कमर्शियल रेट भी गरीबों को नहीं लुभा पा रहा है।

**आपूर्ति सामान्य : प्रशासन**

जिला प्रशासन के अनुसार शहर में घरेलू गैस, पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है। रोजाना 8 से 10 हजार सिलेंडर की सप्लाई हो रही है, जिनमें से 7000 से 7500 उपभोक्ताओं तक पहुंचाए जा रहे हैं। इसके अलावा 7482 सिलेंडरों का अतिरिक्त स्टॉक भी मौजूद है, जो आपात स्थिति में उपयोग किया जा सकता है।



**जिले में पांच किलो का कमर्शियल गैस सिलेंडर 603 रुपये में होगा रिफिल**

**मजदूरों व कम आय वर्ग वालों को राहत देने के लिए लाई गई योजना**

**शहर में खपत ज्यादा**

शहर में गैसे की खपत ज्यादा है। बड़ी संख्या में ऐसे लोग रहते हैं जो किराए के छोटे कमरों या अस्थायी ठिकानों पर जीवन यापन करते हैं। उनके लिए 14.2 किलो का बड़ा सिलेंडर लेना मुश्किल है। ऐसे में 5 किलो का छोटा सिलेंडर उनके लिए सुविधाजनक विकल्प बन सकता है।

**चूल्हा जलाना आसान**

कुल मिलाकर, प्रशासन और गैस कंपनियों की यह पहल शहर के कमजोर और असंगठित वर्ग के लिए बड़ी राहत साबित हो रही है। छोटे सिलेंडर की सुविधा से अब उनका चूल्हा जलाना आसान होगा और रोजमर्रा की जिंदगी में कुछ आर्थिक संतुलन भी बनेगा। सिलेंडर की कमी के कारण कमजोर वर्ग परेशानी झेल रहा था।

**दूसरे राज्यों की आईडी से भी मिलेगा सिलेंडर**

उपभोक्ता की आईडी कहीं की भी हो, वह रोहतक में आसानी से सिलेंडर प्राप्त कर सकता है। यानी दूसरे राज्यों या जिलों से आए प्रवासी मजदूर भी बिना किसी दिक्कत के नजदीकी गैस एजेंसी से यह छोटा सिलेंडर ले सकते हैं। अक्सर दस्तावेजों और पहचान के अभाव में यह वर्ग कई सरकारी सुविधाओं से वंचित रह जाता है, लेकिन इस व्यवस्था से उनकी एक बड़ी समस्या का समाधान होता दिख रहा है।

**योजना की खास बातें**

- 5 किलो एलपीजी सिलेंडर मात्र 603 रुपये में
- रोहतक में 1531 सिलेंडर उपलब्ध
- किसी भी राज्य की आईडी पर मिलेगा सिलेंडर
- 1100 रुपये सिक्योरिटी और रेगुलेटर जरूरी
- रिफिल के समय सिर्फ गैस की कीमत 603 रुपये देने होंगे

**दुरुपयोग पर सख्ती**

- घरेलू गैस के गलत उपयोग पर कार्रवाई जारी
- अब तक 105 सिलेंडर जब्त
- व्यावसायिक उपयोग करने वालों पर नजर
- जरूरतमंदों तक गैस पहुंचाना प्राथमिकता
- ब्लैक मार्केटिंग करने वालों पर कानूनी कार्रवाई

### बिजली निगम पेंशनर की मीटिंग कल

रोहतक। हरियाणा बिजली पैंशनर्स वैलफेयर एसोसिएशन हैड आफिस रोहतक की मासिक बैठक 10 अप्रैल को सीनियर सिटिजन क्लब मानसरोवर पार्क रोहतक में सुबह 10 बजे होगी। यूनिट सचिव सुरेन्द्र चावला ने बताया जिसमें कार्यकारिणी की नवीनतम गतिविधियों के बारे में व लोकल लेवल के इश्यु के बारे में विस्तार से विचार विमर्श किया जायेगा । सुरेन्द्र चावला ने बताया कि एसोसिएशन समय-समय पर अपने सदस्यों के हितों की रक्षा के लिए सक्रिय रूप से कार्य कर रही है। इसी कड़ी में यह मासिक बैठक अत्यंत महत्वपूर्ण मानी जा रही है, जिसमें पिछले माह के दौरान की गई गतिविधियों का लेखा-जोखा प्रस्तुत किया जाएगा।

### एमडीयू में विद्यार्थियों के साथ शिक्षकों को भी करना पड़ रहा परेशानी का सामना

# सेंटर फॉर डिसेबिलिटी स्टडीज में क्लर्क न होने पर घेरा वीसी ऑफिस

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

- एक महीने से हो रही दिक्कत
- विद्यार्थियों को रोल नंबर तक देने वाला नहीं

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के सेंटर फॉर डिसेबिलिटी स्टडीज (सीडीएस) में पिछले एक महीने से चल रहा प्रशासनिक संकट अब गहरा गया है। विभाग में क्लर्क न होने के कारण छात्र और शिक्षक दोनों ही भारी परेशानियों का सामना कर रहे हैं। इस समस्या को लेकर बुधवार को एसोसिएशन ऑफ स्टूडेंट फॉर अल्टरनेटिव पॉलिटिक्स (एएसएपी) के प्रदेश अध्यक्ष दीपक धनखड़ और विद्यार्थियों ने कुलपति कार्यालय का जोरदार घेराव किया और प्रदर्शन किया। दीपक धनखड़ ने कहा कि यह अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है कि विश्वविद्यालय के इतने महत्वपूर्ण विभाग में पिछले एक महीने से कोई क्लर्क तैनात नहीं है। उन्होंने बताया कि परीक्षाओं का समय नजदीक आ चुका है, लेकिन विभाग में कोई क्लर्क न होने के कारण छात्रों के रोल नंबर और अन्य आवश्यक दस्तावेज समय पर प्रोसेस नहीं हो पा रहे हैं। छात्रों को अपनी डिटेल्स अथॉरिटी तक भिजवाने के लिए भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने बताया कि यह समस्या केवल छात्रों तक सीमित नहीं है, बल्कि विभाग के शिक्षकों का वेतन भी इसी प्रशासनिक लापरवाही के कारण रुका हुआ है। क्लर्क के अभाव में कोई भी डॉक्यूमेंटेशन और क्लीयरेंस आगे नहीं बढ़ पा रही है, जिससे स्टाफ के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उन्होंने कहा किछात्र पहले भी कई बार व्यक्तिगत रूप से प्रशासन से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन समस्या का समाधान नहीं हुआ है। यदि अगले 2 दिनों के भीतर विभाग में स्थायी क्लर्क की नियुक्ति नहीं की गई, तो छात्र विश्वविद्यालय परिसर में अनिश्चितकालीन धरना शुरू करने पर मजबूर होंगे, जिसकी जिम्मेदारी पूरी तरह से प्रशासन की होगी। मौके पर पहुंचे कुलपति के ओएसडी ने छात्रों की समस्याओं को सुना और स्थिति की गंभीरता को देखते हुए आश्वासन दिया कि अगले 2 दिनों के भीतर इस समस्या का स्थायी समाधान कर दिया जाएगा। ओएसडी ने यह भी कहा कि अंतरिम व्यवस्था के तौर पर तत्काल प्रभाव से किसी अन्य क्लर्क की ड्यूटी वहां लगाई जाएगी ताकि छात्रों के रोल नंबर और अन्य जरूरी कार्य न रुकें।


रोहतक। अपनी समस्याओं के लिए कुलपति से मिलने आए एसोसिएशन ऑफ स्टूडेंट फॉर अल्टरनेटिव पॉलिटिक्स (एएसएपी) के प्रदेश अध्यक्ष दीपक धनखड़ व मदवि के सेंटर फॉर डिसेबिलिटी स्टडीज (सीडीएस) के विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

**ये रहे मौजूद**

इस अवसर पर रजनी, अनुजा, स्वाति, रूपेश, मनीषा रानी, नवीन सांगवान ,हिमानी, नीधि, सुरजीत, मुस्कान, नीरू, मेचु, शिल्पा, ज्योति, प्रीति, रितिका, बबिता, योगिता, सोनिया, पलक, स्नेहा, सिमरन, दीक्षा, काजल, अलीशा, सचिन, हरीश, सुमित कुमार, दीपा, तन्नू, आकांशा, जीवन, कीर्ति, अक्षय, विजय, गौरव, रामु आदि उपस्थित रहे।

# वरिष्ठ नागरिकों के लिए प्राइवेट बसों के किराए में छूट लागू करने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

- निजी बस संचालकों की मनमानी के खिलाफ सौंपा ज्ञापन

रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा रोहतक के प्रतिनिधिमंडल ने क्षेत्रीय यातायात प्राधिकरण से मुलाकात कर निजी बस संचालकों की मनमानी के खिलाफ ज्ञापन सौंपा। जिला प्रधान जगपाल सांगवान के नेतृत्व में पहुंचे प्रतिनिधिमंडल में सचिव ओमप्रकाश कादियान, सहसचिव सुखबीर जे.ई., उपप्रधान मास्टर सुनहरा, खेचमंद, कैशियर रणबीर दहिया, प्रेम घिलोड़िया और अनूप कन्हेली सहित कई पदाधिकारी शामिल रहे। संघ ने आरोप लगाया कि जिले में निजी बस संचालक सरकारी नियमों की अनदेखी कर रहे हैं और वरिष्ठ नागरिकों व छात्रों के साथ अभद्र व्यवहार किया जा रहा है। उन्होंने 16 मार्च 2026 को राज्य परिवहन आयुक्त द्वारा जारी पत्र का हवाला देते हुए प्राइवेट बसों में भी किराए में छूट लागू करने की मांग उठाई। इस पर आरटीए अधिकारी वीरेन्द्र सिंह ढुल ने मामले को गंभीरता से सुनते हुए आश्वासन दिया कि जल्द ही निजी बस संचालकों के साथ बैठक कर उचित कार्रवाई की जाएगी और नियमों की पालना सुनिश्चित कराई जाएगी।


रोहतक। डीटीओ से मुलाकात करते रिटायर्ड कर्मचारी संघ हरियाणा के सदस्य।

# बच्चों के दांतों की सफाई के दिए टिप्स

रोहतक। अर्पण संस्था में पीजीआइएमएस के चिकित्सकों ने डेंटल ओरल हेल्थ चेकअप कैंप लगाया। बच्चों के दांतों की चिकित्सा की गई। उनके अभिभावकों को भी बच्चों के दांतों की सफाई हेतु टिप्स बताये गये। स्टाफ को बच्चों के दांतों की सफाई और ब्रश करने के लिए जानकारी दी गई। कैंप में स्कूल इंचार्ज नीलम कटारिया, स्कूल स्टाफ सदस्य अजून वर्मा , मीनाक्षी, ज्योति, मंजित प्रियंका ,मीना ने सहयोग दिया।




रोहतक। विजेताओं को प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित करते प्राचार्य डॉ. शमशेर हुड्डा । फोटो : हरिभूमि

## लो कॉस्ट रेसिपी के विजेताओं को किया सम्मानित

रोहतक। राजकीय महिला महाविद्यालय में गृहविज्ञान डिपार्मेंट में आयोजित लो कॉस्ट रेसिपी प्रतियोगिता के विजेताओं को प्राचार्य डॉ. शमशेर हुड्डा ने प्रमाण पत्र और पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया । इस अवसर पर होम साइंस विभाग के विभागाध्यक्ष रितु हुड्डा, डॉ. पंकज शर्मा, मोनिका नारंग, और प्रिंसी कट्याल उपस्थित रहे। छात्रों की प्रशंसा करते हुए प्राचार्य ने कहा कि इस तरह की प्रतियोगिताएं छात्रों को अपनी रचनात्मकता और कौशल को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करती हैं। उन्होंने कहा कि वे आगे भी इसी तरह की प्रतियोगिताओं में भाग लें और अपने कौशल को और भी विकसित करें।

- महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय प्रशासन का बड़ा फैसला

# यूआईईटी मास री-अपीयर मामले में दो विषयों के पुनर्मूल्यांकन को दी मंजूरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय (एमडीयू) के यूनिवर्सिटी इंस्टीट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (यूआईईटी) में बी.टेक इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग के पांचवें सेमेस्टर के परीक्षा परिणामों को लेकर उपजा विवाद अब सुलझता नजर आ रहा है। लगभग पूरी कक्षा के फेल होने (मास री) के आरोपों पर संज्ञान लेते हुए विश्वविद्यालय प्रशासन ने दो मुख्य विषयों की उत्तर पुस्तिकाओं के पुनर्मूल्यांकन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। हाल ही में घोषित बी.टेक पाचवें सेमेस्टर के परिणामों में चौंकाने वाले आंकड़े सामने आए थे। कुल 80 छात्रों में से करीब 75 छात्रों को री-अपीयर दी गई थी। छात्रों का आरोप था कि 'कंट्रोल सिस्टम' जैसे कठिन विषय में 80% विद्यार्थी फेल हैं, जबकि 'पावर सिस्टम-1' और 'माइक्रोप्रोसेसर' में भी 55% से 60% छात्र अनुत्तीर्ण घोषित किए गए। इस भारी विफलता के बाद छात्रों ने परिणाम में गड़बड़ी की आशंका जताई थी। छात्रों के एक प्रतिनिधिमंडल ने यूआईईटी के निदेशक डॉ. अश्विनी धींगड़ा और परीक्षा नियंत्रक से मुलाकात कर इस संबंध में लिखित शिकायत दर्ज कराई थी। पहले विश्वविद्यालय के नियमों के अनुसार, परिणाम की समीक्षा तभी की जाती थी जब 90% छात्र फेल हों। अब इस सीमा को घटाकर 75% कर दिया गया है, ताकि छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ न हो। विश्वविद्यालय की सीक्रेसी ब्रांच द्वारा जारी सूचना के अनुसार, दिसंबर 2025 में आयोजित परीक्षाओं की उत्तर पुस्तिकाओं की दोबारा जांच की जाएगी। पावर सिस्टम-I विषय के 88 छात्र पुनर्मूल्यांकन के दायरे में आएंगे। कंट्रोल सिस्टम विषय के 110 छात्रों की कॉपियों की फिर से समीक्षा होगी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने छात्रों को राहत देते हुए इस विशेष पुनर्मूल्यांकन के लिए बेहद कम शुल्क तय किया है। छात्रों को प्रति पेपर केवल 50 रुपये की फीस जमा करनी होगी। विवि के इस कदम से उन सैकड़ों छात्रों को बड़ी राहत मिली है जो मास री-अपीयर के कारण अपने शैक्षणिक सत्र को लेकर चिंतित थे।

**प्रति पेपर ₹50 लगेंगे**

दो विषयों की उत्तर पुस्तिकाओं का पुनर्मूल्यांकन किया जाएगा। इसमें पावर सिस्टम-I विषय के 88 छात्र और कंट्रोल सिस्टम विषय के 110 छात्रों की कॉपियों की फिर से समीक्षा होगी। छात्रों को प्रति पेपर केवल 50 रुपये की फीस जमा करनी होगी।
-प्रो. अश्विनी धींगड़ा, निदेशक यूआईईटी, एमडीयू

## छात्राओं ने रचनात्मक कृतियों का किया प्रदर्शन

रोहतक। राजकीय स्नातकोत्तर महिला महाविद्यालय के ललित कला विभाग द्वारा आयोजित वार्षिक कला प्रदर्शनी में छात्राओं की रचनात्मक कृतियों का प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शनी का अवलोकन सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. शमशेर अहलावत ने किया, जिनका स्वागत प्राचार्य डॉ. शमशेर हुड्डा द्वारा किया गया। उन्होंने छात्राओं की मेहनत, रचनात्मकता और धैर्यपूर्ण कार्यों की सराहना की। साथ ही उन्होंने छात्राओं की मौलिकता, उत्कृष्ट शिल्पकला और समर्पण की प्रशंसा करते हुए कहा कि ऐसी प्रदर्शनियां कला प्रतिभा को निखारने और आत्मविश्वास बढ़ाने का सशक्त माध्यम हैं।


रोहतक। प्रदर्शनी का अवलोकन करते सेवानिवृत्त प्राचार्य डॉ. शमशेर अहलावत।




## रोहतक में तैयार होंगे 3000 ट्रेंड वॉलंटियर्स

रोहतक। उपायुक्त एवं सिविल डिफेंस नियंत्रक सचिन गुप्ता ने कहा कि जिले को आपदा प्रबंधन के लिए अधिक सक्षम बनाने हेतु सिविल डिफेंस प्रशिक्षण अभियान तेजी से चलाया जा रहा है। इसी क्रम में श्री नेकीराम पोस्ट ग्रेजुएट महाविद्यालय में विद्यार्थियों के लिए विशेष प्रशिक्षण सत्र आयोजित किया गया, जिसमें युवाओं को आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने की जानकारी दी गई। डीसी ने बताया कि इस अभियान के तहत जिले में 3000 से अधिक प्रशिक्षित वॉलंटियर्स तैयार करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने कहा कि सिविल डिफेंस वॉलंटियर्स आपदा के समय प्रशासन की मजबूत कड़ी होते हैं। युवाओं से इस अभियान से जुड़कर समाज सेवा में योगदान देने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम का संचालन नगराधीश एवं उप नियंत्रक अंकित कुमार की देखरेख में हुआ। उन्होंने बताया कि ऐसे प्रशिक्षण युवाओं में अनुशासन, जिम्मेदारी और सेवा भावना विकसित करते हैं। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को प्राथमिक उपचार, अग्निशमन तकनीक, घायलों को सुरक्षित स्थान तक पहुंचाने और आपातकालीन सेवा 112 के उपयोग की जानकारी दी गई।महाविद्यालय के प्राचार्य सुरेंद्र सांगवान ने इस पहल की सराहना की। लगभग 100 विद्यार्थियों ने प्रशिक्षण में भाग लेकर आपदा प्रबंधन से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारी हासिल की। अधिकारियों ने बताया कि भविष्य में अन्य शिक्षण संस्थानों में भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

## संयुक्त राष्ट्र संघ के पुनर्गठन पर विचार के लिए संगोष्ठी आज

रोहतक। एमडीयू स्थित मातुराम यज्ञशाला में बृहस्पतिवार को दोपहर दो बजे संयुक्त राष्ट्र संघ के पुनर्गठन पर विचार के लिए संगोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। इसमें कई प्रस्तावों पर मंथन किया जाएगा। विश्व आज तृतीय विश्वयुद्ध की ओर अग्रसर होता दिखाई दे रहा है। ऐसे समय में आज इस बात की अति आवश्यकता है कि संयुक्त राष्ट्र संघ का पुनर्गठन किया जाए। संयुक्त राष्ट्र संघ का गठन पृथ्वी के सभी छोटे बड़े देशों की सहभागिता से बनें। इसका नाम भी बदल कर पृथ्वी परिषद् किया जाना उपयुक्त होगा। सभी वीटो पावर समाप्त करके पृथ्वी परिषद् के बहुमत से सभी निर्णय हो। पृथ्वी परिषद् इस बात पर निर्णय करें कि सभी देश पांच वर्ष की अवधि में अपने परमाणु व रासायनिक जैसे घातक शस्त्रास्त्रों को समाप्त करें तथा साथ ही सभी देश इसी अवधि में अपनीसेनाएं भी समाप्त करें। सभी देश केवल पुलिस रखें। पृथ्वी परिषद् सभी देशों की जनसंख्या के आधार पर प्रत्येक देश से सेना की भर्ती करे। पृथ्वी परिषद् ही बहुमत के आधार पर आवश्यकता अनुसार जहां भी उचित समझे वहां सेना भेजे।

## जनगणनाः लोग खुद एप-पोर्टल पर भर सकेंगे अपना विवरण

रोहतक। उपायुक्त सचिन गुप्ता ने बताया कि आगामी जनगणना 2027 को डिजिटल मोड में सफलतापूर्वक संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन तैयारियों में जुटा है। नागरिक अब सेल्फ-एन्यूमरेशन (स्व-गणना) के तहत सरकारी पोर्टल या एप के माध्यम से अपना और परिवार का विवरण आसानी से ऑनलाइन दर्ज कर सकते हैं। यह प्रक्रिया सरल, सुरक्षित और पारदर्शी बनाई गई है। नागरिक https://se.census.gov.in पर लॉग इन कर राज्य का चयन और कैप्चा भरने के बाद घर का पंजीकरण कर सकते हैं। इसके लिए घर के मालिक का नाम, मोबाइल नंबर और वैकल्पिक ई-मेल आईडी दर्ज करनी होगी। एक मोबाइल नंबर से केवल एक ही घर पंजीकृत होगा। अगले चरण में भाषा का चयन और ओटीपी वेरिफिकेशन होगा। इसके बाद जिला, पिन कोड व गांव/कस्बा दर्ज कर मानचित्र पर मकान की सटीक लोकेशन चिह्नित करनी होगी। इसके पश्चात हाउस लिस्टिंग एवं हाउसिंग सेंसस से संबंधित प्रश्नावली भरनी होगी। तिम चरण में फाइनल सबमिट कर डेटा लॉक किया जाएगा, जिसके बाद उसमें कोई बदलाव नहीं किया जा सकेगा।


सचिन गुप्ता

# एमडीयूः सर्वश्रेष्ठ एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर्स का चयन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

एमडीयू रोहतक के एनएसएस सेल में बुधवार को सर्वश्रेष्ठ एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर चुनने के लिए बैठक हुई। जिसकी अध्यक्षता एनएसएस प्रोग्राम कोऑर्डिनेटर प्रो. सविता राठी ने की। चयन समिति में डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. सपना गर्ग, डॉ. दलबीर हुड्डा (प्राचार्य, राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय, झज्जर), डॉ. अंजू पंवार (पूर्व एनएसएस प्रोग्राम ऑफिसर, यूटीडी) तथा डॉ. नीलम (हिंदू गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत) शामिल रहे। समिति द्वारा उम्मीदवारों का विस्तृत मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन के उपरांत महिला वर्ग में रुचिका वर्मानी (गीता विद्या मंदिर गर्ल्स कॉलेज, सोनीपत), डॉ. प्रीति कुमारी (राजकीय महिला महाविद्यालय, सांपला) तथा डॉ. मनीषा (राजकीय महिला महाविद्यालय, लाखनमाजरा) का चयन किया गया। वहीं पुरुष वर्ग में डॉ. गुरदयाल सिंह (यूटीडी, एमडीयू रोहतक) को सर्वश्रेष्ठ प्रोग्राम ऑफिसर चुना गया।


रोहतक। मीटिंग में मौजूद डीन स्टूडेंट्स वेलफेयर प्रो. सपना गर्ग, डॉ. दलबीर हुड्डा प्राचार्य, राजकीय स्नातकोत्तर नेहरू महाविद्यालय, झज्जर, डॉ. अंजू पंवार,डॉ. नीलम व डॉ. प्रीति कुमारी।

# विश्व स्वास्थ्य दिवस पर फिट व सक्रिय जीवनशैली अपनाने का दिया संदेश


रोहतक। बैडमिंटन खेलते शारीरिक शिक्षा विभाग के प्रोफेसर।

रोहतक। विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के शारीरिक शिक्षा विभाग द्वारा बैडमिंटन गतिविधि का आयोजन कर फिट और सक्रिय जीवनशैली अपनाने का संदेश दिया गया। इस दौरान विभाग में बैडमिंटन के मैत्रीपूर्ण मुकाबले आयोजित किए गए, जिनमें प्रतिभागियों ने जोश, ऊर्जा और खेल भावना का शानदार प्रदर्शन किया। खेल गतिविधियों के माध्यम से टीम वर्क, समन्वय और स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिला। विभागाध्यक्ष प्रो. भगत सिंह राठी ने कहा कि इस कार्यक्रम में प्राध्यापकों और विद्यार्थियों की संयुक्त भागीदारी ने यह साबित किया कि नियमित शारीरिक गतिविधियां न केवल शारीरिक स्वास्थ्य बल्कि मानसिक संतुलन और आपसी सामंजस्य के लिए भी जरूरी हैं। कार्यक्रम के अंत में स्वास्थ्य ही धन है का संदेश देते हुए सभी को दैनिक जीवन में खेलों को शामिल करने के लिए प्रेरित किया गया। विभाग का यह प्रयास स्वास्थ्य जागरूकता बढ़ाने की दिशा में सराहनीय रहा। इस अवसर पर प्राध्यापक कुलताज सिंह समेत विभाग के शिक्षक, शोधार्थी और विद्यार्थी उपस्थित रहे।

## दमकल कर्मचारियों के समर्थन में उतरी हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन, चक्का जाम की चेतावनी

रोहतक। हरियाणा रोडवेज वर्कर्स यूनियन ने दमकल विभाग के कर्मचारियों के समर्थन में मोर्चा खोल दिया है। रोहतक स्थित यूनियन मुख्यालय में राज्य प्रधान नरेंद्र दिनोद की अध्यक्षता में हुई आपात बैठक में यह निर्णय लिया गया। बैठक का संचालन महासचिव सुमेर सिवाच ने किया। यूनियन नेताओं ने आरोप लगाया कि हरियाणा सरकार दमकल कर्मचारियों के आंदोलन को कुचलने का प्रयास कर रही है और विभाग का काम चलाने के लिए रोडवेज चालकों को लगाने की योजना बना रही है, जिसे बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने कहा कि फरीदाबाद अग्निकांड में शहीद हुए कर्मचारियों के परिजनों को मुआवजा और नौकरी देने सहित कई मांगें लंबे समय से लंबित हैं, लेकिन सरकार उन्हें लागू नहीं कर रही। यूनियन ने चेतावनी दी कि यदि सरकार जल्द वार्ता कर समाधान नहीं करती तो रोडवेज कर्मचारी भी दमकल कर्मचारियों के समर्थन में चक्का जाम करने को मजबूर होंगे।




## बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में एक दिवसीय प्रतियोगिता, पांच टीमों ने लिया हिस्सा

### साइंस विभाग की टीम बनी उपविजेता

# थ्रो बॉल में रोमांचक मुकाबले के बाद विधि विभाग की छात्राओं ने हासिल की जीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय में एक दिवसीय थ्रो बॉल गर्ल्स प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें विश्वविद्यालय के विभिन्न संकायों की छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। प्रतियोगिता का आयोजन विश्वविद्यालय के खेल विभाग द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य छात्राओं में खेल भावना, टीम वर्क तथा शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देना रहा।

इस प्रतियोगिता में कुल पांच टीमों ने भाग लिया, जिनमें विभिन्न विभागों की छात्राएं शामिल थीं। प्रारंभिक दौर से लेकर फाइनल तक सभी मुकाबले बेहद रोमांचक और प्रतिस्पर्धात्मक रहे। फाइनल मैच लॉ विभाग और साइंस विभाग के बीच खेला गया, जिसमें दोनों टीमों ने शानदार खेल का प्रदर्शन किया। मुकाबला काफी कड़ा और रोमांच से भरपूर रहा, लेकिन अंततः लॉ विभाग की टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए जीत हासिल की और विजेता बनी, जबकि साइंस विभाग की टीम उपविजेता रही।

इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. बी. एम. यादव ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है, जो न केवल शारीरिक बल्कि मानसिक विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। उन्होंने कहा कि ऐसी प्रतियोगिताएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास, अनुशासन और नेतृत्व क्षमता विकसित करती हैं। उन्होंने विजेता एवं उपविजेता टीम को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि विश्वविद्यालय में खेल गतिविधियों को निरंतर प्रोत्साहित किया जा रहा है, ताकि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास सुनिश्चित किया जा सके। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ खेलों में भागीदारी विद्यार्थियों को जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देती है।



रोहतक। बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय रोहतक में एक दिवसीय थ्रो बॉल गर्ल्स प्रतियोगिता का आयोजन तथा बाबा मस्तनाथ विश्वविद्यालय की विजेता टीम के साथ कुलपति डॉ. बी. एम. यादव व रजिस्ट्रार डॉ. विनोद कुमार व अन्य अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

**विजेता टीमें सम्मानित**

स्पोर्ट्स डायरेक्टर डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि विश्वविद्यालय का खेल विभाग विद्यार्थियों को बेहतर मंच प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने बताया कि भविष्य में भी इसी प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिससे छात्राओं की प्रतिभा को निखारने का अवसर मिल सके। प्रतियोगिता के अंत में विजेता एवं उपविजेता टीमों को प्रशंसा पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का समापन उत्साह और उल्लास के साथ हुआ। कार्यक्रम के दौरान स्पोर्ट्स सेक्रेट्री डॉ. बबलू शर्मा, डॉ. मोनिका, डॉ. नवीन, डॉ. जितेंद्र, डॉ. हरविंदर, मिस्टर अमित, मिस कविता, डॉ. ईशु खंगवाल, डॉ. बृजेश, डॉ. प्रीति सांगवान, डॉ. सोनिया सहित अनेक गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### रेलवे स्टेशन के पास दुकानों के ताले टूटे

**सांपला।** मंगलवार की रात को रेलवे स्टेशन मंडी के पास अज्ञात व्यक्तियों ने मदुकानों के ताले तोड़कर हजारों रुपये की नकदी चोरी कर ली। पुलिस ने दुकानदार लालू व महेंद्र सिंह के बयान पर अज्ञात चोरों केखिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी। स्टेशन के पास रात को अज्ञात व्यक्तियों ने आसपास की पांच दुकानों के ताले तोड़ दिए। मिठाई की दुकान चलाने वाले हवाई महेंद्र सिंह ने बताया कि सुबह जब करीब छः बजे आया तो शटर का ताला टूटा हुआ पाया। दुकान में रखें 7000 की नकदी गायब मिला। वहीं सामने वाली लाल की परचून की दुकान का भी शटर टूटा मिला जिसमें से भी कुछ नकदी चोरी की गई। मेडिकल स्टोर का भी ताला तोड़ा गया था। गल्लू की चाय की दुकान से भी करीब दो हजार रुपये गायब मिले। एक ढाबे का भी ताला टूटा पाया गया, लेकिन सामान सुरक्षित पाया।

### चिड़ी में खेत से सोलर पंप की मोटर चोरी

**महम।** लाखन माजरा थाना क्षेत्र के गांव चिड़ी में एक खेत से एक किसान के ट्यूबवैल पर लगी सोलर पंप की मोटर चोरी हो गया। पुलिस को दी शिकायत में चिड़ी गांव निवासी नरेश पुत्र रिसाला ने बताया कि उसने अपने खेत में सोल पंप लगाया हुआ था। कल मंगलवार को जब वह खेत में गया तो उसे खेत में सोलर पंप की मोटर नहीं मिली। किसी ने उसकी मोटर चोरी कर ली। चोर के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। पुलिस ने इस संबंध में अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### होटल के बाहर से बाइक चोरी

**सांपला।** चुलियाणा मोड़ के पास एक ढाबे के बाहर खड़ी बाइक को अज्ञात व्यक्ति चोरी कर ले गया। पुलिस ने बाइक मालिक गांधरा निवासी मंदीप के बयान पर अज्ञात व्यक्ति के खिलाफ चोरी का मामला दर्ज कर लिया है। मंदीप ने पुलिस शिकायत में बताया कि वह अपनी बाइक पर चुलियाणा मोड़ ढाबे पर गया था। वापिस बाहर आया तो मेरी बाइक गायब मिली।

### लाखनमाजरा में सड़क के बीचों-बीच बना दी थी दीवार, रोड में देना पड़ा घुमाव

# 20 साल पुरानी सार्वजनिक सुविधाओं से छेड़छाड़ पर अब कानून सख्त, निजी जमीन पर भी लागू

अमरजीत एस गिल ▶▶ रोहतक

सार्वजनिक सुविधाओं की सुरक्षा को लेकर प्रदेश सरकार ने सख्त कदम उठाते हुए हरियाणा सार्वजनिक उपयोगिता परिवर्तन निषेध अधिनियम, 2022 लागू कर दिया है। इस कानून का उद्देश्य उन संसाधनों को सुरक्षित रखना है, जिनका उपयोग आम लोग लंबे समय से करते आ रहे हैं। इनमें सड़कें, गलियां, रास्ते, नहरें, नालियां और अन्य सार्वजनिक ढांचे शामिल हैं। खास बात यह है कि यह कानून उन सुविधाओं पर भी लागू होगा, जो निजी जमीन पर स्थित हैं, बशर्ते वे पिछले 20 वर्षों या उससे अधिक समय से सार्वजनिक उपयोग में हों। इस कानून के लागू होने के बाद अब कोई भी व्यक्ति, चाहे वह जमीन का मालिक ही क्यों न हो, ऐसी सार्वजनिक सुविधा को न तो नुकसान पहुंचा सकता है, न उसमें बदलाव कर सकता है और न ही उस पर कब्जा कर दूसरों के उपयोग को बाधित कर सकता है। यदि कोई व्यक्ति ऐसा करता है, तो डीसी को अधिकार दिया गया है कि वह शिकायत मिलने पर या स्वतः संज्ञान लेते हुए उस सुविधा को उसके मूल स्वरूप में बहाल कराने का आदेश जारी करे। नया कानून गत 5 मार्च से लागू हो चुका है। इससे पहले 15 दिसंबर 2025 को राष्ट्रपति ने इसकी स्वीकृति दी थी।



- दोषी पाए जाने पर व्यक्ति को छह महीने तक की सजा
- 2 हजार से 10 हजार तक का जुर्माना या दोनों दंड दिए जा सकते हैं, नया कानून लागू हो चुका है गत 5 मार्च से
- सिविल कोर्ट के अधिकार क्षेत्र समाप्त, प्रशासनिक अधिकारी करेंगे मामलों का निपटारा

**सिविल कोर्ट के अधिकार को समाप्त किया**

नए कानून का एक महत्वपूर्ण पहलू यह भी है कि इस कानून से जुड़े मामलों में सिविल कोर्ट के अधिकार क्षेत्र को समाप्त कर दिया गया है। यानी ऐसे मामलों का निपटारा अब प्रशासनिक अधिकारियों के माध्यम से ही किया जाएगा, जिससे प्रक्रिया तेज और प्रभावी बन सके।

**प्रभावी व्यक्ति को भी मिलेगा पूरा मौका**

कानून के तहत बहाली का पूरा खर्च संबंधित दोषी व्यक्ति से ही वसूला जाएगा, वह भी भूमि राजस्व की तरह। इससे यह सुनिश्चित किया गया है कि कोई भी व्यक्ति निजी स्वार्थ के चलते सार्वजनिक संसाधनों को नुकसान पहुंचाने का जोखिम न उठाए। हालांकि, प्रभावित व्यक्ति को अपनी बात रखने का पूरा अवसर दिया जाएगा, ताकि न्यायिक प्रक्रिया पारदर्शी और संतुलित बनी रहे। अपील की व्यवस्था भी स्पष्ट रूप से तय की गई है। यदि कोई व्यक्ति कलेक्टर के आदेश से असंतुष्ट है, तो वह 30 दिनों के भीतर कमिश्नर के पास अपील कर सकता है। इसके बाद भी संतुष्टि न होने पर 90 दिनों के भीतर फाइनेंशियल कमिश्नर के समक्ष पुनरीक्षण याचिका दायर की जा सकती है। फाइनेंशियल कमिश्नर का निर्णय अंतिम और बाध्यकारी होगा।

**लाखनमाजरा की घटना से समझ सकते हैं मामला**

उदाहरण के तौर पर आपके जमीन में दूसरे किसानों की जमीन की सिंचाई करने के लिए खाल बना हुआ है। अब उसे खाल आप ये कहकर बंद नहीं कर सकते हैं कि खाल मेरी निजी संपति में से गुजर रहा है। इसी प्रकार कोई रास्ता भी अब बंद किया जा सकेगा। ध्यान रहे कि लाखनमाजरा में लाखनमाजरा-महम रोड पर रामकुमार, कुलदीप, राजेंद्र व इनके एक भाई ने सड़क के बीच में दीवार बना दी थी। दीवार इन्होंने कोर्ट से केस जीतने के बाद बनाई थी। जबकि इनकी जमीन में रोड कई दशक पहले बनाया गया था। ऐसे में सरकार ने रोड में थोड़ा सा घुमाव देना पड़ा। जहां से रोड बनाया गया, वहां पर पक्का मकान हुआ था। मकान को जेकों के माध्यम से पीछे हटाया गया। इसके बाद रोड बना। ध्यान ये भी रहे कि खाल व रास्तों के अनेकों अनेक केस कोर्ट-कचहरी में विचाराधीन रहते हैं।

**कानून तोड़े तो एक साथ दो दंड का प्रावधान**

कानून के उल्लंघन पर दंड का भी प्रावधान किया गया है। दोषी पाए जाने पर व्यक्ति को छह महीने तक की सजा, 2 हजार से 10 हजार रुपये तक का जुर्माना या दोनों दंड दिए जा सकते हैं। इसके अलावा, इस अधिनियम के तहत किसी भी प्रकार के प्रतिबंध या रोक के कारण कोई भी व्यक्ति मुआवजा या हर्जाना मांगने का अधिकार नहीं रखेगा। प्रशासनिक स्तर पर कलेक्टर को यह जिम्मेदारी सौंपी गई है कि वह ऐसे सभी सार्वजनिक उपयोग के संसाधनों की पहचान कर उनका रिकॉर्ड तैयार करे और उन्हें भूमि अभिलेखों में दर्ज कराए। इससे भविष्य में होने वाले विवादों को रोका जा सकेगा और सार्वजनिक संपत्तियों की स्पष्ट पहचान सुनिश्चित होगी।



रोहतक। आरोपित पुलिस की गिरफ्त में। फोटो : हरिभूमि

## 51 हजार की ऑनलाइन ठगी का आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** फेसबुक के माध्यम से ऑनलाइन ठगी का एक मामला सामने आया है, जिसमें करीब 51 हजार रुपये की धोखाधड़ी की गई। इस मामले में पुलिस ने गिरोह से जुड़े एक आरोपी को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। आरोपी को अदालत में पेश किया गया है और मामले की गहन जांच जारी है। थाना सिविल लाइन के प्रभारी निरीक्षक महेंद्र के अनुसार, सुभाष नगर निवासी आलम की शिकायत पर मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई थी। जांच में सामने आया कि 25 नवंबर 2025 को आलम फेसबुक पर दवाई खरीदने के लिए एक विज्ञापन देख रहा था। विज्ञापन में दिए गए मोबाइल नंबर पर संपर्क करने के बाद उसे एक क्यूआर कोड भेजा गया। आलम ने दवाई खरीदने के नाम पर उस क्यूआर कोड के जरिए अलग-अलग ट्रांजेक्शन में कुल 51,997 रुपये ट्रांसफर कर दिए। बाद में उसे पता चला कि उसके साथ ठगी हो चुकी है।

## सड़क पार कर रहे प्रवासी मजदूर को वाहन ने मारी टक्कर, मौत

**निंदाना गांव में सड़क हादसा**

**महम।** निंदाना गांव में सड़क पार कर रहे एक प्रवासी मजदूर को एक वाहन ने टक्कर मार दी। टक्कर लगने से वह गंभीर रूप से घायल हो गया। रोहतक पीजीआई में उपचार के दौरान मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। महम थाने में दी शिकायत में बिहार राज्य के जिला नालंदा के गांव दुर्गापुर निवासी कृष्ण मांझी पुत्र जागरूप मांझी ने बताया कि वह अपने बाल बच्चों व परिवार के साथ भारत भट्ठा कंपनी गांव निंदाना में मजदूरी के लिए आया हुआ है। शाम करीब 8 बजे उसका बेटा सुरेंद्र मांझी पपास में ही परचून की दुकान से सामान लाने के लिए गया था। जब सामान लेकर वापस भट्ठे पर बने झुग्गियों की तरफ आने लगा तो सड़क को पार करते समय किसी अज्ञात वाहन चालक ने अपने वाहन को गफलत व लापरवाही और तेज रफ्तार से चलाते हुए उसके बेटे सुरेंद्र को टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही वह सड़क किनारे गिर गया। भट्ठे के मुंशी ने एंबुलेंस बुलाकर उसे उपचार के लिए महम के सरकारी अस्पताल में दाखिल करवाया। जहां से चिकित्सकों ने उसकी गंभीर हालत को देखते हुए रोहतक पीजीआई रेफर कर दिया। रोहतक पीजीआई में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। वाहन चालक की पहचान की जाए और उसके खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए। अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ केस दर्ज करके पुलिस एक्सीडेंट की जांच में जुट गई है।

## नकली शराब मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** नकली शराब बनाने के एक बड़े मामले का खुलासा करते हुए पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई थाना पुरानी सब्जी मंडी की टीम द्वारा की गई, जिसमें अवैध सस्ती शराब को ब्रांडेड बोतलों में भरकर महंगे दामों पर बेचने का धंधा किया जा रहा था। पुलिस के अनुसार, 3 अप्रैल 2026 को पुलिस टीम को गुप्त सूचना मिली थी कि टिटौली निवासी अमित और उसका भाई आशीष इस अवैध कारोबार में संलिप्त हैं। सूचना के आधार पर तुरंत कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने आबकारी विभाग के निरीक्षक के साथ मिलकर पूर्व सीएम फार्म हाउस रोड स्थित एक दुकान पर छापा मारा। छापेमारी के दौरान मौके से आशीष को गिरफ्तार किया गया था। दुकान से भारी मात्रा में नकली शराब बनाने का सामान बरामद हुआ, जिसमें 150 बोतल नकली शराब, 2544 खाली बोतलें, 704 रैपर, 120 ट्रैक एंड ट्रेस स्ट्रीप मार्क, ढक्कन और अन्य उपकरण शामिल हैं। आरोपी बड़े स्तर पर नकली शराब तैयार कर बाजार में सप्लाई कर रहे थे। मामले की आगे की जांच उपनिरीक्षक सन्नी द्वारा की गई। जांच के दौरान 7 अप्रैल 2026 को पुलिस ने मुख्य आरोपी अमित निवासी टिटौली और उसके साथी रवि निवासी बीबीपुर, हाल निवासी राजेंद्र कॉलोनी, रोहतक को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर दिया है और उनसे गहन पूछताछ जारी है।

## 19 अप्रैल के बाद बनेगी जाट महासभा की नई वोट, इस समय 2250 मत

- अक्टूबर 2027 में पूरा हो रहा है वर्तमान कार्यकारिणी का निर्धारित तीन साल का कार्यकाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

सेक्टर एक स्थित जाट महासभा में संगठनात्मक गतिविधियों को लेकर एक बार फिर हलचल तेज होने जा रही है। महासभा के प्रधान जयवीर दुल के अनुसार, 19 अप्रैल के बाद नई वोट (सदस्यता) बनाने की प्रक्रिया शुरू की जाएगी। इस घोषणा के साथ ही महासभा के आगामी कार्यकाल और सदस्यता अभियान को लेकर तैयारियां भी तेज कर दी गई हैं। प्रधान ने बताया कि वर्तमान कार्यकारिणी का निर्धारित तीन साल का कार्यकाल अक्टूबर 2027 में पूरा होगा। ऐसे में संगठन को मजबूत आधार देने और अधिक से अधिक लोगों को जोड़ने के उद्देश्य से सदस्यता अभियान चलाया जाएगा। फिलहाल महासभा के पास करीब 2250 वोट (सदस्य) हैं, जिन्हें बढ़ाकर एक बड़ा जनाधार तैयार करने की योजना है।

जयवीर दुल के मुताबिक नई सदस्यता लेने के लिए 5100 रुपये शुल्क निर्धारित किया गया है। यह राशि केवल चैक के माध्यम से ही जमा कराई जाएगी, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और रिकॉर्ड व्यवस्थित रखा जा सके। सदस्यता फार्म के साथ आधार कार्ड सहित अन्य जरूरी दस्तावेज भी जमा करवाने होंगे, जिससे हर सदस्य का पूरा विवरण सुरक्षित रखा जा सके। उन्होंने कहा कि महासभा का उद्देश्य समाज के अधिक से अधिक लोगों को संगठन से जोड़ना और उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना है।

### होटलों पर छापेमारी से हड़कंप

## 6 बाल मजदूर रेस्क्यू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

बाल मजदूरी के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बाल कल्याण समिति की टीम ने बड़ी कार्रवाई करते हुए 6 नाबालिग बच्चों को रेस्क्यू किया। इन बच्चों को शहर के डी-पार्क और शीला बाईपास स्थित होटलों में मजदूरी करते हुए पकड़ा गया। बाल कल्याण समिति के चेयरमैन एडवोकेट सतीश कौशिक ने बताया कि मानव तस्करी विरोधी टीम के सदस्य रवि मलिक, प्रदीप कुमार और सुरेंद्र कुमार तथा एमडीडी टीम के विकास ने संयुक्त रूप से यह छापेमारी की। रेस्क्यू किए गए सभी बच्चों को समिति के समक्ष पेश कर उनकी काउंसलिंग की गई और अभिभावकों को भी सख्त चेतावनी दी गई। बच्चों की उम्र 14 से 16 वर्ष के बीच है, जिनमें दो बच्चे 14 वर्ष, दो 15 वर्ष और दो 16 वर्ष के हैं। जांच में सामने आया कि चार बच्चे उत्तर प्रदेश और दो बिहार के रहने वाले हैं। टीम ने होटल संचालकों को सख्त हिदायत दी है कि भविष्य में यदि नाबालिगों से काम करवाया गया तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। साथ ही ऐसे स्थलों पर नियमित छापेमारी जारी रखने की बात कही गई है।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20,
फोन : 9253681010, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5 X 8 सें.मी<br>10X 8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
सिटी कार्यालय :- हरिभूमि, कृषि विज्ञान केन्द्र के सामने, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9996959400
मुख्य कार्यालय :- हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक फोन : 9253681019-20

## ककराना : फैक्ट्री में लगी आग

### लोगों ने भाग कर बचाई जान, लाखों का नुकसान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

गांव ककराना में एसएस इंटरप्राइजेज फैक्ट्री में बुधवार की सुबह आग लगने से हड़कम्प मच गया। घटना के दौरान फैक्ट्री में चार लोग मौजूद थे, जो जान बचाकर बाहर भागे और फायर ब्रिगेड सहित फैक्ट्री मालिक को आग की सूचना दी। सूचना के बाद फायर ब्रिगेड की टीम मौके पर पहुंची और काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। गांव ककराना में करीब आधे एकड़ जमीन में फैक्ट्री बनी हुई है। इसका मालिक सुनील शर्मा निवासी विजय नगर रोहतक है। फैक्ट्री में सुबह करीब साढ़े 6 बजे अचानक आग लग गई। उस समय फैक्ट्री के अंदर चार लोग मौजूद थे।

आग लगते ही फैक्ट्री में सो रहे चारों लोग उठकर बाहर की तरफ भागे और जान बचाई। फैक्ट्री के चारों तरफ खेत होने की वजह से बड़ा हादसा हो सकता था। ग्रामीण आग को खेतों तक पहुंचने से रोकते रहे। फायर ब्रिगेड की गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाया। तब जाकर लोगों की जान में जान आई। फैक्ट्री के अंदर प्लास्टिक के डोने, प्लेट, चम्मच आदि तैयार करने की मशीन लगाई हुई है। फैक्ट्री की जगह गांव ककराना के ही संजय की है। रवि कुमार ने बताया कि वह फैक्ट्री के अंदर सो रहे थे। सुबह अचानक आग लगी देखी, तो वह बाहर निकले। चारों लोग सुरक्षित फैक्ट्री से बाहर आ गए। फैक्ट्री के अंदर रखा सामान जल गया है।



**कारणों का खुलासा नहीं**

फैक्ट्री के मालिक सुनील ने बताया कि सुबह करीब साढ़े 6 बजे सूचना मिली कि फैक्ट्री में आग लग गई। सूचना के बाद वह फैक्ट्री में पहुंचे, जहां फैक्ट्री के अंदर सोने वाले चारों लोग बाहर खड़े हुए थे। वहीं फायर ब्रिगेड की एक गाड़ी मौके पर पहुंची और आग पर काबू पाने का प्रयास किया। बाद में अन्य गाड़ियां भी बुलानी पड़ी।

## शेयर खरीदने के नाम पर धोखाधड़ी करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**रोहतक।** साइबर ठगी के एक मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह मामला टेलीग्राम ऐप के जरिए शेयर खरीदने के नाम पर धोखाधड़ी से जुड़ा है, जिसमें एक युवक से लगभग 89,550 रुपये की ठगी की गई थी। पुलिस के अनुसार, तेज कॉलोनी निवासी राहुल ने शिकायत दर्ज कराई थी कि 7 अक्टूबर 2025 को वह टेलीग्राम ऐप के माध्यम से शेयर खरीद रहा था। इसी दौरान उसे व्हाट्सएप कॉल आई, जिसमें एक युवक ने उसे अपनी बातों में फंसा लिया। आरोपी ने खुद को भरोसेमंद बताते हुए राहुल को शेयर खरीदने के नाम पर गूगल पे के जरिए अलग-अलग किश्तों में कुल 88,550 रुपये ट्रांसफर करवा लिए। मामले की जांच थाना पुरानी सब्जी मंडी के प्रभारी उप-निरीक्षक सुशील कुमार के नेतृत्व में की गई, जबकि मुख्य सिपाही अश्विनी ने जांच को आगे बढ़ाया। तकनीकी जांच और साक्ष्यों के आधार पर पुलिस ने को राजस्थान निवासी दो आरोपियों शियाराम और साधुराम को गिरफ्तार कर लिया। प्रारंभिक पूछताछ में सामने आया है कि दोनों आरोपी अपने बैंक खाते दूसरों को इस्तेमाल करने के लिए उपलब्ध कराते थे, जिनका उपयोग ठगी की रकम ट्रांसफर करने में किया जाता था। पुलिस ने दोनों आरोपियों को अदालत में पेश कर दिया है और मामले की गहन जांच जारी है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे ऑनलाइन लेन-देन करते समय सतर्क रहें और किसी भी अनजान कॉल या मैसेज पर भरोसा न करें।



रोहतक। एसपी गौरव राजपुरोहित का स्वागत करते किला रोड बाजार के प्रधान दीपक पुनियानी व अन्य सदस्य। फोटो : हरिभूमि

## किला रोड बाजार में सादी वर्दी में गश्त करेंगी महिला पुलिसकर्मी

**रोहतक।** किला रोड बाजार में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए अब महिला पुलिसकर्मी सादी वर्दी में गश्त करेंगी। यह निर्णय बाजार के व्यापारियों की शिकायत के बाद एसपी गौरव राजपुरोहित ने लिया है। साथ ही ट्रैफिक पुलिस और पुरानी सब्जी मंडी थाना पुलिस को भी आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए गए हैं। बुधवार को बाजार के प्रधान दीपक पुनियानी के नेतृत्व में व्यापारियों का एक प्रतिनिधिमंडल एसपी से मिला और उन्हें बाजार की समस्याओं से अवगत कराया। व्यापारियों ने बताया कि बाजार में बाहरी युवक दिनभर खड़े रहते हैं, जिससे महिला ग्राहकों को असहजता महसूस होती है। उन्होंने गश्त बढ़ाने और विशेष रूप से महिला पुलिसकर्मियों को सादी वर्दी में तैनात करने की मांग की। इसके अलावा व्यापारियों ने भिवानी स्टैंड की ओर से हो रही अनावश्यक चालान कार्रवाई और शहीद भगत सिंह पार्किंग के पास अवरोधक हटने से बढ़ रही अव्यवस्था का मुद्दा भी उठाया। एसपी ने शिकायतों को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए। इस दौरान कई व्यापारी मौजूद रहे।

## एचएसएनसीबी ने महिला को नशा तस्करी करते हुए किया गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

हरियाणा सरकार के 'नशा मुक्त प्रदेश' संकल्प के तहत हरियाणा स्टेट नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो की रोहतक यूनिट ने नशा तस्करी के खिलाफ कार्रवाई करते हुए एक महिला आरोपी को हेरोइन सहित गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई प्रदेश में चलाए जा रहे नशा विरोधी अभियान के तहत की गई है।

ब्यूरो प्रमुख एवं अतिरिक्त पुलिस महानिदेशकसंजय कुमार के सख्त निर्देशों और पुलिस अधीक्षक मोहित हाण्डा के नेतृत्व में पूरे राज्य में नशा तस्करों के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। एडीजीपी संजय कुमार ने स्पष्ट किया है कि 'नशे की जड़ों को खत्म करना ही हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है,' और इसके लिए सभी यूनिटों को सक्रिय रूप से कार्य करने के निर्देश दिए गए हैं। इस कार्रवाई के बारे में जानकारी देते हुए रोहतक यूनिट के इंचार्ज इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार ने बताया कि यूनिट में तैनात सहायक उप-निरीक्षक दीपक को गुप्त सूचना मिली थी। सूचना के अनुसार, गीना उर्फ मीना नामक महिला रैनकपुरा खोखराकोट क्षेत्र में हेरोइन लेकर घूम रही थी और उसे बेचने की फिराक में थी। सूचना को गंभीरता से लेते हुए पुलिस टीम ने तुरंत मौके पर रेड की। राजपत्रित अधिकारी की मौजूदगी में की गई तलाशी के दौरान आरोपी के पास से 08.75 ग्राम हेरोइन बरामद हुई। इसके बाद आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार महिला की पहचान गीना उर्फ मीना निवासी औरंगनगर पपोसा जिला भिवानी (हाल निवासी रैनकपुरा खोखराकोट, रोहतक) के रूप में हुई है।

### सुप्रीम कोर्ट के पूर्व एडिशनल एडवोकेट जनरल रामनिवास हुड्डा करेंगे कोर्ट में केस दायर

लोगों के स्वास्थ्य से हो रहा खिलवाड़

## चाणक्यपुरी में तीन दिन से दूषित और बदबूदार पेयजल की सप्लाई

**पानी को जांच के लिए लैब में भेजा, रिपोर्ट आने पर करवाएंगे संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रोहतक

चाणक्यपुरी क्षेत्र में पिछले तीन दिनों से दूषित एवं बदबूदार पेयजल की सप्लाई ने स्थानीय निवासियों की चिंता बढ़ा दी है। लोगों का आरोप है कि पानी में बदबू और गंदगी साफ दिखाई दे रही है, जिसके कारण कई घरों में बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। बच्चों और बुजुर्गों में खासतौर पर पेट संबंधी समस्याएं सामने आने लगी हैं, जिससे क्षेत्र में स्वास्थ्य को लेकर गंभीर स्थिति बन गई है। इस मामले में स्थानीय निवासी अदालत में भी केस दायर करेंगे।



**बीमार हो रहे कॉलोनीवासी**

कॉलोनी निवासियों ने बताया कि कई बार शिकायत करने के बावजूद संबंधित विभाग ने समय पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं की। पानी ऐसा है कि घरेलू उपयोग में लाने लायक भी नहीं है। पानी के प्रयोग से लोगों का स्वास्थ्य खराब हो गया है। सुप्रीम कोर्ट के पूर्व एडिशनल एडवोकेट जनरल रामनिवास हुड्डा ने बताया कि तीन दिन से चाणक्यपुरी में दूषित पेयजल आ रहा है। पानी में तेज बदबू आ रही है। लोगों के स्वास्थ्य से खिलवाड़ किया जा रहा है। पानी के सैंपल को जांच के लिए लैब में भेजा गया है। रिपोर्ट आने के बाद संबंधित अधिकारियों के खिलाफ कार्रवाई के लिए लिखा जाएगा। साथ ही मामले में वह जिला अदालत में केस दायर कर कार्रवाई करवाएंगे।